तापमान

अधिकतम 38.0 डिग्री से.
न्यूनतम 26.0 डिग्री से.

हरिभूमि

# जीटी रोड भूमि

रोहतक, बुधवार 29 जुलाई 2026




12 जीआईएस पोर्टल पर आधा शहर अवैध ...



12 ग्रुप डांस में छात्राओं का धमाल, मोहा मन ...

**खबर संक्षेप**

### 432 ट्रामाडोल कैप्सूल के साथ युवक गिरफ्तार

**यमुनानगर।** हरियाणा स्टेट नारकोटिक कंट्रोल ब्यूरो (अंबाला यूनिट) ने शिवपुरी ए कॉलोनी में छापेमारी कर एक युवक को 432 अवैध ट्रामाडोल कैप्सूल के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, सोमवार शाम गुप्त सूचना मिली थी कि आरोपी प्रतिबंधित नशीले कैप्सूल बेचता है। सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए टीम ने आरोपी की तलाशी ली और करीब 6,500 मूल्य के ट्रामाडोल कैप्सूल बरामद किए। आरोपी की पहचान ससौली रोड स्थित अमरपुरी कॉलोनी निवासी अमित उर्फ सोनू के रूप में हुई। पुलिस ने उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर अदालत में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### बुजुर्ग मां का शव हाइवे किनारे छोड़ गया युवक

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र के शाहाबाद में 26 जुलाई को एक 70 वर्षीय महिला की मौत सड़क हादसे में हो गई। महिला का बेटा शौकिन उसे बुलेट बाइक पर रिश्तेदारी में ले जा रहा था। रास्ते में अचानक गाय आने से बुलेट बाइक का संतुलन बिगड़ गया और महिला सिर के बल सड़क पर गिर गई। गंभीर चोट लगने के बाद बेटा उसे अकेले बुलेट बाइक पर नहीं बैठा सका और मदद के लिए घर चला गया। लौटने पर महिला वहां नहीं मिली। राहगीरों की सूचना पर पुलिस उसे अस्पताल ले गई, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। बेटे के बयान पर इत्तफाकिया रिपोर्ट दर्ज कर पोस्टमॉर्टम के लिए बाद शव परिवार को सौंप दिया।

# कुरुक्षेत्र नागरिक अस्पताल में महिला की मौत पर हंगामा

## परिजनों ने इलाज में लापरवाही का लगाया आरोप

- सीने में दर्द की शिकायत पर पिहोवा से किया गया रेफर
- परिजनों का आरोप समय पर उपचार नहीं मिलने से मौत
- डॉक्टर बोले-गंभीर हालत में लाई गई थी, सीपीआर के बावजूद नहीं बची

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। अस्पताल में मौजूद मृतक महिला के परिजन विलाप करते हुए।

लोकनायक जयप्रकाश नागरिक अस्पताल में उपचार के दौरान 30 वर्षीय महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। महिला की मौत के बाद परिजनों ने अस्पताल प्रशासन और चिकित्सकों पर इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए अस्पताल परिसर में जमकर हंगामा किया। सूचना मिलने पर अस्पताल प्रशासन मौके पर पहुंचकर परिजनों को शांत कराया। मृतका की पहचान पिहोवा क्षेत्र निवासी 30 वर्षीय निशा के रूप में हुई है, जो चार बच्चों की मां थी।

मृतका के पति अजय ने बताया कि मंगलवार सुबह उसकी पत्नी को अचानक सीने में तेज दर्द की शिकायत हुई। परिवार के सदस्य उसे पहले पिहोवा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए लोकनायक जयप्रकाश नागरिक अस्पताल, कुरुक्षेत्र रेफर कर दिया। अजय का आरोप है कि वे सुबह करीब 11 बजे नागरिक अस्पताल पहुंच गए थे, लेकिन काफी देर तक उसकी पत्नी का समुचित उपचार शुरू नहीं किया गया। कई बार डॉक्टरों और स्टाफ को उसकी हालत के बारे में बताया गया, लेकिन समय पर गंभीरता नहीं दिखाई गई। काफी देर बाद दो इंजेक्शन लगाए गए, लेकिन उसकी हालत में कोई सुधार नहीं हुआ। परिजनों का कहना है कि जब महिला की तबीयत और बिगड़ गई तो उसे करनाल रेफर करने की बात कही गई, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। उन्होंने आरोप लगाया कि यदि समय रहते उचित उपचार मिलता तो निशा की जान बचाई जा सकती थी। परिजनों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी चिकित्सकों और जिम्मेदार कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

### चार लाख की ठगी करने वाले तीन अपराधी गिरफ्तार

**करनाल।** पुलिस ने ऑनलाइन टास्क और पार्ट-टाइम जॉब के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान जसवंत निवासी माजरा मरदान, गदरपुर, ऊधम सिंह नगर, उत्तराखंड), लखविंदर मचियागढ़, रामपुर, यूपी और रवि कुमार निवासी स्कैनिया, गदरपुर, ऊधम सिंह नगर, उत्तराखंड के रूप में हुई है। आरोपियों के पास से 32,000 रुपये नकद और दो मोबाइल फोन बरामद हुए। आरोपियों ने 'डेली प्रॉफिट मेकर्स' व्हाट्सएप ग्रुप के जरिए ई-कॉमर्स कंपनी का लोगो दिखाकर 4 लाख ठग लिए थे।

### पानीपतः कच्ची शराब के साथ तस्कर पकड़ा

**पानीपत।** थाना इसराना पुलिस ने गांव काकौदा से राजू पुत्र जग्गा सिंह को अवैध कच्ची शराब सहित गिरफ्तार किया। पुलिस ने राजू के पास से 22.5 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की है। थानेदार हरिराम ने बताया कि आरोपी राजू के खिलाफ थाना इसराना में एक्साइज एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया और बरामद शराब केस की जांच के लिए इंपाउंड कर ली। इधर, कोर्ट ने पुलिस का पक्ष जानने के बाद आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

### नेल आर्टिस्ट पर हमले में छह आरोपियों पर केस

**यमुनानगर।** यमुनानगर की शांति कॉलोनी में नेल आर्टिस्ट सूरज और उसके दोस्तों पर जानलेवा हमले के मामले में पुलिस ने छह युवकों के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है। शिकायत के अनुसार, रविवार रात दुकान से लौटते समय रितेश, सचिन, कृष्णा, सूरज, कशिश उर्फ धनु और साहिल उर्फ छोला ने उन्हें रास्ते में रोककर डंडों और हथियारों से हमला किया। आरोपियों ने सूरज की बाइक पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी, जिससे वह पूरी तरह जल गई, जबकि उसके दोस्त की बाइक भी क्षतिग्रस्त कर दी। सभी घायल अस्पताल में भर्ती हैं।

### जुआ खेलते 4 आरोपी पकड़े 4.40 लाख रुपये बरामद

**अंबाला।** सीआईए-1 टीम ने जुआरियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए शक्ति नगर कॉलोनी में छापेमारी कर चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 4.40 लाख रुपये की नकदी, जुआ खेलने का सामान और तीन गाड़ियां बरामद की हैं। सीआईए-1 प्रभारी निरीक्षक परमवीर सिंह ने बताया कि सूचना के आधार पर थाना अंबाला शहर क्षेत्र में कार्रवाई की गई। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान छोटा बाजार निवासी अतुल, पीएनटी कॉलोनी निवासी अनिल कुमार, जग्गी कॉलोनी निवासी दीपक और जगाधरी गेट क्षेत्र निवासी अमनप्रीत सिंह के रूप में हुई है।

**असंध-सालवन रोड पर भीषण सड़क हादसा**

# तेज रफ्तार कार ने मोटरसाइकिल को मारी टक्कर, दो मजदूरों की मौत

- सीमेंट उतारकर घर लौटते समय हादसा, साथी घायल
- कार चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार
- डायरी से मिले नंबर के आधार पर हुई बिहार निवासी संजय की पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| असंध (करनाल)



असंध में सालवन रोड पर हुए दर्दनाक सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि उनका एक साथी घायल हो गया। हादसा उस समय हुआ जब तीनों साथी ट्रक से सीमेंट उतारने के बाद बाइक से अपने घर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान एक तेज़ रफ्तार अनियंत्रित कार ने उनकी बाइक को सीधी जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में जान गंवाने वाले मृतकों की पहचान 38 वर्षीय संजय और 34 वर्षीय सतपाल के रूप में हुई है। संजय मूल रूप से बिहार का रहने वाला था और असंध में रहकर मजदूरी करता था, जबकि सतपाल और उनका तीसरा घायल साथी वीरेंद्र असंध के ही रहने वाले हैं। 25 जुलाई को तीनों सालवन रोड के पास एक ट्रक से सीमेंट उतारने गए थे। काम खत्म करने के बाद जब वे बाइक से वापस घर लौट रहे थे, जैसे ही दुपेड़ी गांव के पास पहुंचे, तभी सामने से आ रही तेज़ रफ्तार कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। वीरेंद्र को हल्की चोटें आईं, जबकि संजय और सतपाल की हालत अति गंभीर थी। घायलों को तुरंत अस्पताल भिजवाया गया, जहां संजय ने अस्पताल पहुंचते ही दम तोड़ दिया और सतपाल इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। जांच अधिकारी हकबीर ने बताया कि हादसे के बाद आरोपी चालक कार छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहन को कब्जे में लेकर मामला दर्ज कर लिया है।

### पानीपतः महिला की करंट लगने से मौत

**पानीपत।** पानीपत के नवादा आर में सोमवार देर शाम दीवार में आए बिजली के करंट की चपेट में आने से 35 वर्षीय शबीला की मौत हो गई। मृतका के पति इरफान के अनुसार बरसात के दौरान दीवार में करंट आ गया था, जिसे छूने से शबीला बेसुध होकर गिर गई। परिजन उसे पानीपत के निजी अस्पताल ले गए, जहां उसकी मौत हो गई। सनौली थाना पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप कर इस मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है।

## दुष्कर्मी को 10 साल का कारावास और जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

एडिशनल सेशन जज-कम-फास्ट ट्रैक कोर्ट (पॉक्सो) पीयूष शर्मा की अदालत ने किशोरी के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी नीरज पुत्र हेतराम निवासी गांधी कॉलोनी, पानीपत को दोषी करार देते हुए 10 साल के कठोर कारावास की सजा दी। जज शर्मा की अदालत में दोषी नीरज पर 35 हजार रुपये का का जुर्माना भी किया। यदि नीरज ने अदालत में जुर्माना जमा नहीं किया तो उसे एक साल का अतिरिक्त कारावास यानि 11 वर्ष की जेल भोगनी होगी। स्मरणीय है कि 31 जुलाई सन 2024 को पानीपत की एक कॉलोनी निवासी महिला ने थाना माडल टाउन पुलिस में दी शिकायत में बताया कि नीरज ने इंस्टाग्राम पर मैसेज देकर बहाने से उसकी बेटी को अपने घर बुलाया और उसके साथ दुष्कर्म किया। वहीं, पुलिस ने पीड़ित लड़की की मेडिकल जांच करवाई उसके बयान दर्ज किए। इधर, थाना माडल टाउन पुलिस ने नीरज के खिलाफ 6-पॉक्सो एक्ट, बीएनएस की धारा 65(1) के तहत के तहत केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। अदालत ने नीरज को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया था।

# झमाझम बारिश से गर्मी से राहत जलभराव ने बढ़ाई परेशानी



यमुनानगर। बरसात के बाद निचले इलाकों में भरे बारिश के पानी से गुजरते वाहन। फोटो : हरिभूमि

**यमुनानगर।** मंगलवार को हुई झमाझम बारिश ने पिछले कई दिनों से गर्मी और उमस से परेशान लोगों को राहत दिलाई। सुबह पांच बजे से आसमान में बादल छाए रहे और कुछ देर बाद तेज बारिश शुरू हो गई। बारिश के चलते तापमान में गिरावट दर्ज की गई, जिससे मौसम सुहावना हो गया। हालांकि, शहर के निचले इलाकों और सड़कों पर पानी भरने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। वाहन चालकों को जलभराव से दिक्कतें आईं। वहीं, बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों ने बारिश का आनंद लिया। ठंडी हवाओं और रिमझिम फुहारों ने लोगों को मानसून का एहसास कराया।

### निचले इलाकों और सड़कों पर पानी भरने से लोग परेशान

बारिश जहां एक ओर राहत लेकर आई वहीं दूसरी ओर नगर निगम की लचर व्यवस्था ने एक बार फिर लोगों की परेशानी बढ़ा दी। शहर के कई इलाकों में पानी भरने से लोग परेशान रहे। खासकर शादीपुर के मुख्यमार्ग पर पानी भरने से वाहन चालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। वहीं, आजाद नगर, कैंप समेत अन्य नीचले इलाकों में बारिश का पानी भरने से लोग परेशान रहे। शहरवासी कमल, विशाल, टिट्टू, अमित, मनीष व संजय आदि ने बताया कि बारिश तो राहत लेकर आती है लेकिन निगम की लापरवाही परेशानी में बदल देती है।

## मारवा खुर्द में रंजिश को लेकर दो पक्षों में मारपीट एक दर्जन लोगों पर केस

- पुरानी कहासुनी के बाद बढ़ी रंजिश, जमकर चले लाठी-डंडे

**यमुनानगर।** गांव मारवा खुर्द में रंजिश को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। मारपीट में दोनों पक्षों के करीब आधा दर्शन लोग घायल हो गए। जिनका इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत के बाद करीब दर्जन भर लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

गांव मारवा खुर्द निवासी कुलदीप सिंह ने व्यासपुर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसका कुछ दिन पहले गांव के ही अमित कुमार व उसके पिता राजकुमार के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। इसके बाद से आरोपी उससे रंजिश रखने लगे। कुलदीप सिंह ने बताया कि 27 जुलाई को सुबह साढ़े आठ बजे रंजिश के चलते अमित कुमार व उसके पिता राजकुमार ने अपने परिवार के सदस्यों मधुबाला व पिंटू सरदार के साथ मिलकर उन पर हमला कर दिया। हमले में कौशल्या, प्रिंस, वीना, रानी, यशस्वी व वेदपाल घायल हो गए। वहीं, अमित कुमार ने आरोप लगाया कि 27 जुलाई को कुलदीप, वेदपाल, सूरज, प्रिंस, कुलभूषण, यशस्वी, रितु और वीना ने उसे रास्ते में रोककर मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

## कुवि में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर इलेक्ट्रिक व्हीकल का शुभारंभ

*शोध, नवाचार और उद्योग-अकादमिक सहयोग को मिलेगा नया मंच*

# ईवी तकनीक से आत्मनिर्भर भारत व हरित भविष्य को मिलेगी नई गति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने मंगलवार को यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (यूआईईटी) में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर इलेक्ट्रिक व्हीकल का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रिक वाहन तकनीक भारत के सतत विकास, स्वच्छ ऊर्जा मिशन तथा आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह सेंटर विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं शिक्षकों के लिए नवाचार, अनुसंधान और उद्योग-अकादमिक सहयोग का उत्कृष्ट मंच सिद्ध होगा। कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि वर्तमान समय में विश्व तेजी से हरित ऊर्जा एवं स्वच्छ परिवहन की ओर अग्रसर है। ऐसे में विश्वविद्यालयों की जिम्मेदारी केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने तक सीमित नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों को भविष्य की तकनीकों के अनुरूप तैयार करना भी है। यह सेंटर युवाओं को इलेक्ट्रिक व्हीकल तकनीक के क्षेत्र में व्यावहारिक ज्ञान, अनुसंधान क्षमता तथा नवाचार की दिशा में आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करेगा।



कुरुक्षेत्र। सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर इलेक्ट्रिक व्हीकल का शुभारंभ करते कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा। फोटो : हरिभूमि

### छात्रों को प्रशिक्षण एवं अनुसंधान के अवसर उपलब्ध होंगे

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए यूआईईटी के निदेशक प्रो. सुनील ढींगरा ने कुलगुरु एवं सभी अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर इलेक्ट्रिक व्हीकल की स्थापना यूआईईटी के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। इस केंद्र के माध्यम से विद्यार्थियों को बैटरी प्रौद्योगिकी, इलेक्ट्रिक ड्राइव सिस्टम, चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर, ऊर्जा प्रबंधन तथा स्मार्ट मोबिलिटी जैसे उभरते क्षेत्रों में अत्याधुनिक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान के अवसर उपलब्ध होंगे। उन्होंने कहा कि वर्तमान आवश्यकताओं के अनुरूप कौशल विकसित करने में भी सहायक सिद्ध होगा।




## जेएमआईटी में एमबीए के नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए हुआ ओरिएंटेशन कार्यक्रम

# विद्यार्थियों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ व्यावसायिक दक्षता जरूरी

**विद्यार्थियों को संस्थान की शैक्षणिक परंपराओं, उपलब्धियों एवं भविष्य की दिशा से कराया गया अवगत**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए इग्नाइट 2026 ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्थान के निदेशक डॉ. एसके गर्ग ने कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित करके शुभारंभ किया।

संस्थान के निदेशक डॉ. एसके गर्ग ने बताया कि कार्यक्रम आयोजित करने का मुख्य उदेश्य विद्यार्थियों को संस्थान की गौरवशाली विरासत, शैक्षणिक संस्कृति एवं मूल्यों से परिचित कराने के साथ साथ उन्हें प्रबंधन शिक्षा, व्यावसायिक कौशल एवं भविष्य की करियर चुनौतियों के लिए तैयार करना रहा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को मुकंद समूह एवं जेएमआईटी की समृद्ध विरासत, इतिहास, संस्कृति एवं मूल्यों से परिचित करवाया गया। वहीं, विद्यार्थियों को संस्थान की शैक्षणिक परंपराओं, उपलब्धियों एवं भविष्य की दिशा से अवगत कराया गया। इसके पश्चात विद्यार्थियों को प्रबंधन विभाग का विस्तृत परिचय प्रदान किया गया। जिसमें विभाग की शैक्षणिक गतिविधियों, विशेषताओं, अवसरों एवं विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों के बारे में जानकारी दी गई। निदेशक डॉ. एसके गर्ग ने कहा कि इग्नाइट 2026 विद्यार्थियों के प्रबंधन शिक्षा के सफर की एक महत्वपूर्ण शुरुआत है। उन्होंने कहा कि जेएमआईटी विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ साथ उद्योगोन्मुख कौशल एवं व्यावसायिक दक्षता प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत है।



यमुनानगर। जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज में आयोजित इग्नाइट कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### आगे भी उद्योगोन्मुख गतिविधियां होंगी

प्रबंधन विभाग की अध्यक्षा डॉ.अनुजा गोयल ने कहा कि एमबीए शिक्षा विद्यार्थियों को नेतृत्व, निर्णय लेने एवं व्यावसायिक चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करती है। उन्होंने कहा कि इग्नाइट के माध्यम से विद्यार्थियों को विभागीय संस्कृति से जोड़ने के साथ-साथ उनके समग्र व्यक्तित्व एवं करियर विकास पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न ज्ञानवर्धक, इंटरेक्टिव एवं मनोरंजक गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। उन्होंने बताया कि इग्नाइट के आगामी सत्रों में भी विद्यार्थियों के लिए विभिन्न शैक्षणिक, कौशल विकास, व्यक्तित्व विकास एवं उद्योगोन्मुख गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

## यूपीएससी में ऑल इंडिया तीसरी रैंक हासिल करने वाले एकांश ने साझा किए अपने अनुभव

# यूपीएससी में सफलता के लिए मजबूत कॉन्सेप्ट और अनुशासन बेहद जरूरी

**प्रत्येक विद्यार्थी को अपनी ताकत और कमजोरियों की पहचान कर उसी के अनुरूप बनानी चाहिए रणनीति**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की सिविल सेवा परीक्षा में ऑल इंडिया तीसरी रैंक प्राप्त करने वाले आईएएस अधिकारी एकांश ढुल ने कहा कि इस प्रतिष्ठित परीक्षा में सफलता का आधार मजबूत कॉन्सेप्ट, नियमित अध्ययन, समय का प्रभावी प्रबंधन और निरंतर आत्म मूल्यांकन है।



यमुनानगर। यूपीएससी अभ्यर्थियों के साथ अपने अनुभव साझा करते एकांश ढुल। फोटो : हरिभूमि

उन्होंने कहा कि संघर्ष हर क्षेत्र में है, लेकिन जिस कार्य से उद्देश्य की प्राप्ति हो और संतुष्टि मिले, उसी दिशा में पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ आगे बढ़ना चाहिए। मंगलवार को समाजसेवी अश्वनी सिंगला के निवास पर आयोजित संवाद कार्यक्रम में एकांश ढुल ने यूपीएससी अभ्यर्थियों के साथ अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने जनरल स्टडीज की तैयारी, उत्तर लेखन की तकनीक, परीक्षा की रणनीति और समय प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि यूपीएससी जैसी चुनौतीपूर्ण परीक्षा में सफलता केवल लंबे समय तक पढ़ने से नहीं, बल्कि सही दिशा में अध्ययन और विषयों की गहन समझ विकसित करने से मिलती है।

उन्होंने अभ्यर्थियों को सलाह दी कि तैयारी के शुरुआती वर्षों में अपनी कमजोरियों और गल्तियों का ईमानदारी से विश्लेषण करें। नियमित आत्म मूल्यांकन से न केवल तैयारी बेहतर होती है बल्कि सफलता की संभावनाएं भी बढ़ जाती हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी को अपनी ताकत और कमजोरियों की पहचान कर उसी के अनुरूप रणनीति बनानी चाहिए। ढुल ने कहा कि अनुशासन, धैर्य और निरंतर प्रयास ही लक्ष्य तक पहुंचने का सबसे प्रभावी माध्यम है।

### एकांश के पिता का हुआ स्वागत

एकांश ढुल के पिता कृष्ण ढुल ने बताया कि जिन क्षेत्रों में विद्यार्थियों को यूपीएससी की तैयारी के लिए पर्याप्त संसाधन और मार्गदर्शन उपलब्ध नहीं हैं, वहां एकांश स्वयं पहुंचकर युवाओं को प्रेरित और जागरूक कर रहे हैं। उनका प्रयास ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों के प्रतिभाशाली युवाओं को सही दिशा देकर सिविल सेवा जैसी प्रतिष्ठित परीक्षा के लिए तैयार करना है। इससे पूर्व समाजसेवी अश्वनी सिंगला और भाजयुमो जिला अध्यक्ष निश्चल चौधरी ने एकांश ढुल एवं उनके पिता कृष्ण ढुल का पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया। मौके पर अमन सिंगला, सुलभ भटनागर, डॉ.जितेंद्र, माधव, कपिल गुप्ता, मनु शर्मा, वैभव गर्ग आदि मौजूद थे।

## न्यूज डायरी



### जनता स्कूल की कबड्डी टीम प्रदेश में रही अव्वल

**रादौर।** जनता पब्लिक स्कूल अलाहर की कबड्डी टीम ने फतेहाबाद में हुई प्रतियोगिता में प्रदेश भर में पहला स्थान हासिल किया। जिस पर टीम के खिलाड़ियों को स्कूल प्रबंधन की ओर से सम्मानित किया गया। स्कूल के कोच हिमांशु शर्मा ने बताया कि 24 जुलाई से फतेहाबाद के बाल भारती इंटरनेशनल स्कूल में सीबीएसई की ओर से राज्यस्तरीय कबड्डी टूर्नामेंट का आयोजन करवाया गया था। जिसमें जनता पब्लिक स्कूल अलाहर की अंडर 14 की टीम ने प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि फाइनल मैच जनता पब्लिक स्कूल व केवीएम स्कूल पाई के बीच खेला गया। जिसमें जनता पब्लिक स्कूल अलाहर की टीम ने केवीएम पाई की टीम को हराकर जीत दर्ज की। विद्यालय पहुंचने पर स्कूल के चेयरमैन मुकेश शास्त्री, मैनेजिंग डायरेक्टर रूबी कांबोज व प्रिंसीपल डॉ.कल्पना बजाज ने बच्चों का स्वागत किया। मुकेश शास्त्री ने कहा कि ये पूरे क्षेत्र के लिए बहुत खुशी की बात है कि विद्यालय के बच्चों ने राज्यस्तर पर अपनी पहचान बनाई है। उन्होंने बच्चों के माता पिता तथा कोच हिमांशु शर्मा का भी आभार प्रकट किया।



### सार्थक को मिला सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज का खिताब

**रादौर।** ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल सांगीपुर के विद्यार्थियों ने क्रिकेट चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन कर स्कूल का नाम रोशन किया। स्कूल के खेलकूद विभाग के अध्यापक संजय कुमार ने बताया कि तोपखाना ग्राउंड अंबाला में सीडी हाई स्कूल अंबाला की तरफ से डीएमए क्रिकेट लीग आयोजित की गई। जिसमें ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल की अंडर 14 बॉयज क्रिकेट टीम ने प्रथम स्थान हासिल कर स्कूल का व क्षेत्र का नाम रोशन किया। सार्थक को चैंपियनशिप के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज व हर्षित को सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज पुरस्कार से नवाजा गया। खवीश सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक व रूद्र को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के पुरस्कार से नवाजा गया। स्कूल में पहुँचने पर विजेताओं का स्वागत किया गया। विजेताओं का स्वागत करने के पश्चात प्रधानाचार्य रीतू सिंगला ने खिलाड़ियों को शुभकामनायें देते हुए कहा कि जिन विद्यार्थियों ने इस चैंपियनशिप में भाग लिया वे सभी बधाई के पात्र हैं व टीम के प्रशिक्षक बच्चों को इतनी मेहनत कराने के लिए सराहना के पात्र हैं। उन्होंने इस जीत को ग्लोब हेरिटेज फैमिली की जीत बताते हुए कहा कि स्कूल में शैक्षिक अध्ययन के साथ बच्चों के शारीरिक विकास के लिए खेलकूद, मानसिक विकास के लिए आर्ट एवं क्राफ्ट व सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बढ़ चढ़कर बच्चों को प्रतिभागिता हमेशा कराई जाती रहेगी।



### नशा व्यक्ति, परिवार व समाज के लिए घातक

**यमुनानगर।** हिन्दुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स के तत्वावधान में राजकीय माध्यमिक विद्यालय भमनौली के स्काउटस के विद्यार्थियों ने नशा मुक्ति को लेकर जागरुकता रैली निकाली। इस दौरान रैली का आयोजन जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी अशोक राणा के दिशा निर्देशानुसार हिन्दुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स के जिला सचिव डॉ. धर्मवीर खटकड़ के मार्गदर्शन में किया गया। रैली का नेतृत्व हिन्दुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स के जिला प्रेस सचिव महेंद्र सिंह कलेर ने किया। रैली का नेतृत्व कर रहे महेंद्र सिंह कलेर ने बताया कि जागरुकता रैली में हिन्दुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स के स्वयंसेवकों एवं विद्यार्थियों ने हाथों में जागरूकता संबंधी तख्तियां लेकर जन जन ने ये ठाना है, नशा दूर भगाना है जैसे प्रेरणादायक नारों के माध्यम से ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया। महेंद्र सिंह कलेर ने कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज के लिए अत्यंत घातक है। उन्होंने विद्यार्थियों से स्वयं नशे से दूर रहने तथा अपने परिवार और समाज को नशा मुक्त बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ, जागरूक और संस्कारित युवा ही विकसित भारत की मजबूत नींव हैं। रैली में विद्यालय के शिक्षक, विद्यार्थी व स्काउट्स एंड गाइडस के स्वयंसेवकों ने भाग लिया। अंत में सभी ने नशा मुक्त समाज के निर्माण में अपना सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया। मौके पर मनोज कुमार, संदीप पंजेटा, पुलकित शर्मा, जगदेव, सुमनजीत कौर व गोपाल आदि मौजूद रहे।

### युवक ने 13 वर्षीय किशोरी के साथ किया दुष्कर्म

**यमुनानगर।** व्यासपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में युवक ने 13 वर्षीय किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी युवक के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। व्यासपुर थाना क्षेत्र के गांव निवासी महिला ने महिला पुलिस थाने में बताया कि 23 मई को उसकी लड़की गांव में किसी काम से जा रही थी। इस दौरान सोनू ने बहला फुसलाकर सुनसान स्थान पर ले गया और गलत काम किया। आरोपी ने उसे इस बारे किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। उसकी लड़की ने डर के कारण घटना के बारे में किसी को नहीं बताया। महिला ने बताया कि इसके बाद आरोपी ने फिर से उसकी लड़की के साथ गलत काम करने का प्रयास किया। परेशान होकर उसकी लड़की ने उसे घटना के बारे में बताया। उसने आरोपी के खिलाफ महिला पुलिस थाने में शिकायत दी।

### सूने घर से हजारों रुपये का सामान चोरी, केस दर्ज

**यमुनानगर।** भेड़थल से चोरों ने सूने घर से हजारों रुपये का बिजली का सामान चोरी कर लिया। चोरी का आरोप गांव के ही दो लोगों पर लगा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। भेड़थल निवासी प्रभजोत सिंह ने सदर जगाधरी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 25 जुलाई को दोपहर साढ़े तीन बजे वह किसी काम से घर से बाहर गया था। करीब आधे घंटे बाद वापस लौटा घर में रखा बिजली का सामान गायब मिला। जिसमें छह तारों के बंडल, बटन व स्विच के डिब्बे थे। उसने अपने स्तर पर जांच की तो पता चला कि बिजली का सामान गांव के ही मदनलाल व शाहरुख खान ने चोरी किए हैं। उसने आरोपियों से बात की मगर उन्होंने कोई संतोष जनक जवाब नहीं दिया। उसने बताया कि चोरी हुए सामान की कीमत करीब 25 हजार रुपये है। उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी।

### स्काउट्स राष्ट्रभक्ति के मार्ग पर चलकर करें देश की सेवा

**रादौर।** डीएवी पब्लिक स्कूल रादौर में स्काउट एवं गाइड गतिविधियों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से विद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में ब्लॉक संगठन आयुक्त(गाइड) कैप्टन भगवती शर्मा ने भाग लिया। वहीं, विशिष्ठ अतिथि के रुप में ब्लाक संगठन आयुक्त (स्काउट) स्काउट मास्टर हरीश कांबोज व एलटी गुरु चरण सिंह मौजूद रहे। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला संगठन आयुक्त संदीप गुप्ता व जिला संगठन आयुक्त रितु यादव ने की।

मुख्यातिथि कैप्टन भगवती शर्मा ने विद्यार्थियों को स्काउट प्रतिज्ञा, स्काउट नियम, स्काउट चिन्ह तथा स्काउटिंग के मूल सिद्धांतों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, सेवा और राष्ट्रभक्ति के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। स्काउट मास्टर हरीश कंबोज ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए विद्यार्थियों को अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही नशा मुक्ति अभियान के तहत युवाओं से नशे से दूर रहकर स्वस्थ एवं जागरूक जीवन अपनाने का आह्वान किया। एलटी गुरु चरण सिंह ने विद्यार्थियों को स्काउटिंग के विविध आयामों से परिचित कराया तथा स्काउट यूनिफार्म के प्रत्येक भाग का महत्व एवं उसे सही ढंग से धारण करने की जानकारी दी। उन्होंने स्काउटिंग के माध्यम से व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व क्षमता और सेवा भावना के महत्व पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य रमन शर्मा को स्कार्फ पहनाकर सम्मानित किया गया। विद्यालय में स्काउट टीम के गठन पर प्रधानाचार्य रमन शर्मा एवं स्काउट मास्टर गौरव धीमान को बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं। कार्यक्रम के समापन पर मुख्यातिथि व अन्य अतिथियों समेत प्रधानाचार्य रमन शर्मा द्वारा विद्यालय परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

# अमर क्रांतिकारी गोभक्त हरफूल सिंह जुलानी का मनाया बलिदान दिवस

**हरफूल सिंह को अंग्रेजों ने जुलाई 1936 में रात के अंधेरे में फिरोजपुर जेल में चुपके से दे दी थी फांसी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

गो संवर्धन न्यास द्वारा गांव माडल टाऊन करेहड़ा में कार्यक्रम आयोजित कर क्रांतिकारी गौभक्त हरफूल सिंह जुलानी का बलिदान दिवस श्रद्धापूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता गऊ संवर्धन न्यास के अध्यक्ष रोहित चौधरी ने की। मौके पर न्यास के सदस्यों ने क्रांतिकारी गौभक्त हरफूल सिंह जुलानी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया।

न्यास के अध्यक्ष रोहित चौधरी ने क्रांतिकारी गौभक्त हरफूल सिंह जुलानी के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा से रादौर में गौभक्त हरफूल सिंह जुलानी के नाम से किसी चौक का नामकरण किए जाने की मांग की। ताकि इतिहास में बलिदान हुए वीरों के बारे भविष्य में समाज को पता चल सके और उनका स्मरण कर गौसेवा की क्रांति जारी रहे। उन्होंने बताया कि गौभक्त हरफूल सिंह को अंग्रेजों द्वारा जुलाई 1936 में रात के अंधेरे में फिरोजपुर जेल में चुपके से फांसी दे दी गई थी। अंग्रेजो ने विद्रोह के डर से उनके शरीर को सतलुज नदी में बहा दिया था। उनका जन्म भिवानी जिले की लोहारू तहसील के गांव बारवास में एक किसान परिवार में हुआ था। बाद में वह जींद जिले के जुलानी गांव में आकर बस गए थे और प्रथम विश्व युद्ध में भी भाग लिया था।



रादौर। मॉडल टाउन करेहड़ा में आयोजित जुलानी के बलिदान दिवस कार्यक्रम में भाग लेते गो संवर्धन न्यास के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### बूचड़खाने पर बोला था हमला

दस वर्ष सेना में नौकरी करने के बाद वह अपने गांव लौट आए थे। उन्होंने देखा कि आसपास के गांवों में सरेआम बूचड़ खानों में गोवंश को काटा जा रहा है। 23 जुलाई 1930 में भी सैकड़ों गोवंश की हत्या की गई। जिससे आहत होकर उन्होंने नोजवानों को साथ लेकर बूचड़ खाने पर हमला बोल दिया। जिसमें काफी तस्कर मारे गए और कई नौजवान भी बलिदान हुए। लेकिन पूर्ण सफलता हासिल नहीं हो सकी। इस दौरान ब्रिटिश सरकार द्वारा बूचड़ खाने वालों को संरक्षण दिया जा रहा था। आसपास के 52 गांवों और नैन खाप द्वारा उनको सवा शेर की उपाधि दी गई और योजना बनाकर हथियारों की व्यवस्था कर करीब 17 बूचड़ खानों को बंद करवा दिया गया।

### प्रभु श्रीराम पिता के वचनों की लाज रखने को गए वन

**रादौर।** रादौर के प्राचीन पक्का घाट पर स्थित श्री नागेश्वर धाम मंदिर में चल रही श्रीराम कथा छठे दिन भी जारी रही। श्रीराम कथा में छठे दिन कथाव्यास धनंजय शास्त्री ने माता कैकेयी को महाराजा दशरथ द्वारा दिए गए दो वरदान और प्रभु श्रीराम के वनवास कथा प्रसंग को सुनाया। मौके पर भजनों के माध्यम से प्रभु श्रीराम का गुणगान किया गया। कथाव्यास धनंजय शास्त्री ने फरमाया कि महाराजा दशरथ ने प्रभु श्रीराम को राजा बनाने के लिए निर्णय लिया। इस निर्णय के बारे में जैसे ही माता कैकेयी की दासी मंथरा को पता चला तो उसने कैकेयी को महाराजा दशरथ से अपने दोनों वरदान मांग लेने के लिए बरगला दिया। जिसके बहकावे में आकर माता कैकेयी ने पहले वरदान में अपने पुत्र भरत को राजसिंहासन सौंपने और दूसरे वरदान में प्रभु श्रीराम को 14 वर्षों का वनवास देना मांग लिया। पौराणिक मान्यताओं और त्रेतायुग के नियमों के अनुसार यदि कोई राजकुमार 14 वर्षों तक राज्य से दूर या सिंहासन से अलग रहे तो उसका राजा बनने का अधिकार समाप्त हो जाता है। कैकेयी चाहती थीं कि राम का अधिकार सदा के लिए समाप्त हो जाए। महाराजा दशरथ ने प्राण संकट में होते हुए भी अपने वचनों की लाज रखने के लिए राम को वन जाने का आदेश दिया। पिता के वचनों का मान रखने के लिए श्रीराम ने सहर्ष और बिना किसी संकोच के वल्कल वस्त्र (छाल के कपड़े) धारण किए और वन की ओर प्रस्थान किया। माता सीता और भाई लक्ष्मण भी स्वेच्छा से उनके साथ वन गए। अयोध्या से निकलकर वे सबसे पहले तमसा नदी के तट पर रुके और गंगा पार करने के लिए श्रृंगवेरपुर पहुंचे। जहां निषादराज केवट ने उनके चरण धोए। इसके बाद वे अत्रि ऋषि के आश्रम और चित्रकूट पहुंचे जहां उन्होंने वनवास का एक लंबा समय बिताया और यहीं भरत उनसे मिलने आए थे। विस्तृत वनों वाले क्षेत्र दंडकारण्य में उनका प्रवेश हुआ। गोदावरी नदी के तट पर स्थित पंचवटी में उन्होंने अपनी कुटिया बनाई। जहां शूर्पणखा प्रसंग और माता सीता का रावण द्वारा छलपूर्वक अपहरण हुआ।

## जेएमआईईटीआई में बीटेक व बीसीए के नए शैक्षणिक सत्र का हुआ शुभारंभ

# निरंतर सीखने की भावना से विद्यार्थी हासिल कर सकते हैं लक्ष्य

**विद्यार्थियों को दी गई संस्थान की शैक्षणिक कार्यप्रणाली की विस्तृत जानकारी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

रादौर के जेएमआईईटीआई तकनीकी शिक्षण संस्थान में बीटेक एवं बीसीए प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए नए शैक्षणिक सत्र 2026-2027 का हवन यज्ञ के साथ शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों पंजीकरण किया गया और मां सरस्वती वंदना व दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।



रादौर। जेएमआईईटीआई तकनीकी शिक्षण संस्थान में नए शैक्षणिक सत्र का हवन यज्ञ के साथ शुभारंभ करते निदेशक, विद्यार्थी व स्टाफ सदस्य। फोटो : हरिभूमि

संस्थान के निदेशक डॉ. विवेक शर्मा, एस्टेट अधिकारी ओपी बाटला, मैनेजमैंट कमेटी से अजय शर्मा, विभागाध्यक्षों, प्राध्यापकों, गैर शिक्षण कर्मचारियों व विद्यार्थियों ने हवन यज्ञ में आहुतियां अर्पित कर नए शैक्षणिक सत्र की सफलता की कामना की। इसके उपरांत विद्यार्थियों के लिए आइस ब्रेकिंग एवं स्टूडेंट इंडक्शन सत्र आयोजित किया गया। जिसमें उन्हें क्रेडिट आधारित शैक्षणिक प्रणाली, राष्ट्रीय शिक्षा नीति तथा संस्थान की शैक्षणिक कार्यप्रणाली की विस्तृत जानकारी दी गई। संस्थान के निदेशक डॉ. विवेक शर्मा ने कहा कि जेएमआईईटीआई गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा के साथ साथ विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास, नैतिक मूल्यों, नवाचार एवं रोजगारपरक कौशल के विकास के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, समर्पण एवं निरंतर सीखने की भावना के साथ अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर रहने के लिए प्रेरित किया।

### संकाय सदस्यों से कराया गया परिचय

कार्यक्रम में विद्यार्थियों को मुकंद समूह की गौरवशाली विरासत से अवगत कराया गया। वहीं, महाविद्यालय के विभिन्न स्टूडेंट क्लब्स एवं सोसाइटीज की जानकारी दी गई। जिससे विद्यार्थी अपनी रुचि के अनुसार सह पाठ्यक्रम गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी कर सकें। इसके बाद विभिन्न विभागों एवं संकाय सदस्यों का परिचय कराया गया तथा विद्यार्थियों को महाविद्यालय परिसर का भ्रमण करवाकर प्रयोगशालाओं, पुस्तकालय, स्मार्ट कक्षाओं एवं अन्य आधुनिक सुविधाओं से परिचित कराया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों के लिए प्रीति भोज का आयोजन किया गया। सभी ने एक दूसरे को नए शैक्षणिक सत्र की शुभकामनाएं दीं तथा सौहार्दपूर्ण वातावरण में कार्यक्रम का आनंद लिया। कार्यक्रम का समापन विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य, उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियों एवं सफल करियर की मंगलकामनाओं के साथ हुआ।

खबर संक्षेप

## श्रीगुरु रविदास सभा के प्रधान बने रूपचंद



कुरुक्षेत्र। श्री गुरु रविदास सभा, गुरु रविदास नगर की कार्यकारिणी कमेटी के पुनर्गठन को लेकर एक महत्वपूर्ण जनरल मीटिंग का आयोजन किया गया। चांद राम की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में समाज के कई गणमान्य लोग और सभा के सदस्य बड़ी संख्या में मौजूद रहे। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का चुनाव कर समाज के उत्थान और सभा के संचालन की नई रूपरेखा तय की गई। रूपचंद को सर्वसम्मति से श्री गुरु रविदास सभा का नया प्रधान चुना गया है।

## मथाना में आज लगेगा मेगा सर्विस कैंप

कुरुक्षेत्र। जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कुरुक्षेत्र श्री दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए), कुरुक्षेत्र की माननीय मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी (सीजेएम) एवं सचिव नीतिका भारद्वाज के दिशा-निर्देशानुसार 29 जुलाई 2026 को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, मथाना में मेगा सर्विस कैंप का आयोजन किया जाएगा। इस कैंप का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का समाधान करना तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं और सेवाओं की जानकारी एवं लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराना है। कैंप में कई विभाग अपने-अपने स्टॉल लगाएंगे।

## प्रेरणा समिति हरियाणा ने किया पौधरोपण

कुरुक्षेत्र। विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस के अवसर पर प्रेरणा समिति हरियाणा के प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने पौधरोपण कर प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि स्वच्छ पर्यावरण, हरियाली और जैव विविधता का संरक्षण मानव जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी नागरिकों से अधिक से अधिक पौधे लगाने, उनका संरक्षण करने तथा पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का आह्वान किया।

## ओपन माइक शो में गूंजे कविता व शायरी के स्वर



कुरुक्षेत्र। गांव मथाना स्थित विवेकानंद सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कवि और कलम मंच के तत्वावधान में दूसरे ओपन माइक शो का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता साहित्य अकादमी सम्मानित डॉ. कमर रईस ने की। विभिन्न कवियों, शायरों और रचनाकारों ने सामाजिक, देशभक्ति, प्रेम, प्रकृति और मानवीय संवेदनाओं पर आधारित रचनाएं प्रस्तुत कर श्रोताओं की खूब सराहना बटोरी। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को स्मृति-चिह्न एवं सम्मान-पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### जिलेभर में तिरंगा रैली, साइकिल रैली, सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे

# देश के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर है 'हर घर तिरंगा अभियान'

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरुक्षेत्र



उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा।

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि देश की स्वतंत्रता के गौरव को समर्पित हर घर तिरंगा 2026 अभियान जिला में बड़े उत्साह और देशभक्ति के साथ मनाया जाएगा। हर घर तिरंगा केवल एक अभियान नहीं, बल्कि हमारे शहीदों के बलिदान को याद करने और देश के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर है। जिला प्रशासन द्वारा अभियान के तहत तिरंगा रैली, तिरंगा कॉन्सर्ट, साइकिल रैली, प्रदर्शनी और स्कूलों में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य प्रत्येक घर में तिरंगा फहराकर नागरिकों में देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता और गर्व की भावना को बढ़ाना है। हर घर तिरंगा अभियान के तहत कुरुक्षेत्र में बड़े पैमाने पर तिरंगा रैली का आयोजन किया जाएगा। रैली में स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थी, सरकारी अधिकारी, कर्मचारी, आर्मी-फोर्स के जवान, एनजीओ और आम नागरिक शामिल होंगे। रैली की शुरूआत वंदे मातरम के सामूहिक गान से होगी। रैली के रूट, प्रतिभागियों के पंजीकरण और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे ताकि तिरंगे का सम्मान बना रहे। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि संस्कृति मंत्रालय द्वारा तैयार तिरंगा प्रदर्शनी को सार्वजनिक स्थानों पर लगाया जाएगा। साइकिल रैली और ग्रीन बेल्ट की सजावट जिले के सभी ब्लॉकों और ग्राम पंचायतों में तिरंगा साइकिल या ई-बाइक रैली निकाली जाएगी। इसमें युवा बढ़-चढकर हिस्सा लेंगे। उन्होंने कहा कि जिला की सभी सरकारी इमारतों, पुलों, सडकों, स्कूलों, अस्पतालों और प्रमुख चौराहों को तिरंगा थीम की लाइट और सजावट से सजाया जाएगा।

## पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का उठाएं लाभ : डीसी

*कुरुक्षेत्र। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने जिले के नागरिकों से प्रधानमंत्री सूर्य-घर मुफ्त बिजली योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आह्वान करते हुए कहा कि यह योजना न केवल बिजली बिल में बड़ी बचत का अवसर प्रदान करती है, बल्कि स्वच्छ एवं हरित ऊर्जा को बढ़ावा देकर पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण योगदान देती है। उन्होंने कहा कि पात्र उपभोक्ता केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा दी जा रही सब्सिडी तथा बिजली विभाग की ब्याज-मुक्त ऋण सुविधा का लाभ लेकर अपने घरों पर रूफटॉप सोलर प्लांट स्थापित कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि भारत सरकार द्वारा 1 किलोवाट सोलर पैनल पर 30 हजार रुपये, 2 किलोवाट पर 60 हजार रुपये तथा 3 किलोवाट या उससे अधिक क्षमता के सोलर पैनल पर 78 हजार रुपये तक की सब्सिडी प्रदान की जा रही है। इस योजना का लाभ वे सभी घरेलू उपभोक्ता उठा सकते हैं जो अपने घर पर रूफटॉप सोलर पैनल स्थापित करना चाहते हैं।*

## सांसद नवीन जिंदल की पहल पर केयू में जल्द लहराएगा 108 फीट ऊंचा तिरंगा



कुरुक्षेत्र। ध्वज स्थल का निरीक्षण करते विश्वविद्यालय प्रशासन और फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया की टीम के सदस्य।

कुरुक्षेत्र। सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय परिसर में धरोहर के पास जल्द ही 108 फीट ऊंचा विशाल राष्ट्रीय ध्वज शान से लहराएगा। फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा फ्लैग पोल और उससे संबंधित आवश्यक सामग्री विश्वविद्यालय पहुंचा दी गई है। तकनीकी ड्राइंग के अनुरूप फ्लैग पोल के फाउंडेशन का कार्य तेजी से चल रहा है। मंगलवार को विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. वीरेंद्र पाल तथा फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया की टीम ने ध्वज स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान फ्लैग पोल की तकनीकी संरचना, सुरक्षा मानकों और स्थापना प्रक्रिया पर चर्चा की गई। अब शीघ्र ही फ्लैग पोल स्थापित कर विश्वविद्यालय परिसर में विशाल तिरंगा फहराया जाएगा। इस अवसर पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. वीरेंद्र पाल ने कहा कि यह विशाल तिरंगा विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा। इससे युवाओं में राष्ट्रभक्ति, राष्ट्रीय मूल्यों और राष्ट्रीय प्रतीकों के प्रति सम्मान की भावना और अधिक मजबूत होगी तथा उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा मिलेगी। फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया के जनरल सेक्रेटरी मेजर जनरल असीम कोहली (सेवानिवृत्त) ने कहा कि संस्था देशभर में 230 से अधिक विशाल राष्ट्रीय ध्वज स्थापित कर चुकी है, जिन्होंने राष्ट्रप्रेम और राष्ट्रीय गौरव की भावना को सशक्त किया है।

## गोसेवा को समर्पित दिव्य गीता सत्संग कल से 2 अगस्त तक: जगदीश तनेजा



जगदीश तनेजा।

पिहोवा। श्रीकृष्ण कृपा गौशाला एवं श्री कृष्ण कृपा परिवार के तत्वावधान में परम पूज्य महामंडलेश्वर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज के पावन सान्निध्य में गौ सेवा को समर्पित चार दिवसीय दिव्य गीता सत्संग का भव्य आयोजन 30 जुलाई से 2 अगस्त तक स्थानीय अनाज मंडी में किया जाएगा। आयोजन की तैयारियां अंतिम चरण में हैं और सेवादार पूरी श्रद्धा एवं उत्साह के साथ व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं। श्री कृष्ण कृपा गौशाला के अध्यक्ष जगदीश तनेजा एवं श्री कृष्ण कृपा परिवार के अग्रणी सेवादार नरेश शर्मा ने बताया कि सत्संग का उद्देश्य समाज में आध्यात्मिक चेतना, भारतीय संस्कृति, गौ सेवा तथा मानव सेवा के प्रति जागरूकता का संदेश देना है। उन्होंने कहा कि स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज अपने दिव्य प्रवचनों के माध्यम से श्रीमद्भगवद्गीता के अमूल्य संदेशों का सरल एवं प्रेरणादायी वर्णन करेंगे। कार्यक्रम में उद्योगपति, जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी एवं अनेक गणमान्य नागरिक भी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। जगदीश तनेजा ने बताया कि धार्मिक आयोजन के साथ-साथ समाज सेवा की भावना को आगे बढ़ाते हुए शनिवार, 1 अगस्त को प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक मेगा सुपर स्पेशलिटी हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर में ऑल केमिस्ट, ओजस हॉस्पिटल पंचकूला एवं डेंटल कॉलेज, यमुनानगर के सहयोग से विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा विभिन्न रोगों की निःशुल्क जांच की जाएगी तथा मरीजों को निःशुल्क दवाइयां भी वितरित की जाएंगी।

# नवीन कृषि संकल्प अभियान से कृषि होगी लाभदायक: डीडी शर्मा

- गांव जलबेहड़ा के सामुदायिक केंद्र में सासंद ने किसानों को दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पिहोवा



सांसद नवीन जिंदल के प्रयास से गांव जलबेहड़ा के सामुदायिक केंद्र में नवीन कृषि संकल्प कार्यक्रम आयोजित किया गया। किसानों को अन्न भंडारण के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से नवीन जिंदल फाउंडेशन और केंद्रीय खाद्य भंडार निगम ने किसानों को संबंधित विषय की जानकारी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर भाजपा नेता जय भगवान शर्मा डीडी ने हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि सांसद नवीन जिंदल ने हमेशा किसानों के हितों को प्राथमिकता देते हुए उनकी आय बढ़ाने और खेती को अधिक लाभकारी बनाने के लिए सार्थक प्रयास किए हैं। नवीन कृषि संकल्प अभियान केवल एक जागरुकता अभियान नहीं, बल्कि किसानों को आधुनिक कृषि पद्धतियों और अन्न भंडारण को वैज्ञानिक सोच से जोड़ने का एक व्यापक जनआंदोलन है। डॉ. कर्मचंद ने कहा कि पिछले वित्त वर्ष में प्रदेश सरकार ने पराली प्रबंधन करने वाले किसानों को 410 करोड रुपए का सीधा लाभ पहुंचाया। कार्यक्रम में कोऑर्डिनेटर ईशान पांडे,प्रदेश उपाध्यक्ष मनदीप विर्क, किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष जगदीप सांगवान, डॉ. राजकुमार, पूर्व चेयरमैन जय सिंह पाल, मंडल अध्यक्ष प्रदीप शर्मा आदि रहे।

# बेहतर चिकित्सा के साथ आध्यात्मिक मूल्य भी जरूरी : डॉ. कृष्ण श्योकंद

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरुक्षेत्र



अंतरराष्ट्रीय जाट धर्मशाला, कुरुक्षेत्र में पिनेकल मेडिकल सेंटर एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट के सहयोग से एक निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में धर्मशाला के सदस्यों, स्थानीय नागरिकों तथा समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। मेडिकल कैंप के दौरान विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों की टीम द्वारा प्रतिभागियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर में विभिन्न प्रकार की आवश्यक चिकित्सीय जांचें निःशुल्क की गईं तथा लोगों को उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श भी प्रदान किया गया। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय जाट धर्मशाला, कुरुक्षेत्र के प्रधान डॉ. कृष्ण श्योकंद ने कहा कि स्वस्थ समाज का निर्माण केवल बेहतर चिकित्सा सुविधाओं से ही नहीं, बल्कि आध्यात्मिक एवं नैतिक मूल्यों से भी होता है। पिनेकल मेडिकल सेंटर एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट द्वारा आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर तथा इस्कॉन द्वारा आयोजित भजन-कीर्तन एवं श्रीमद्भगवद्गीता वितरण जैसे कार्यक्रम समाज को सेवा, संस्कार और आध्यात्मिक चेतना से जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय जाट धर्मशाला सदैव ऐसे जनकल्याणकारी एवं सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यक्रमों के आयोजन के लिए प्रतिबद्ध है। भविष्य में भी स्वास्थ्य, शिक्षा, युवा सशक्तिकरण, सामाजिक जागरूकता तथा सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक मूल्यों के संवर्धन के लिए इसी प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे।

## दा कोणार्क अकादमी के 190 खिलाड़ियों का जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए चयन : एसएस शर्मा



लाडवा। खंड स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में दा कोणार्क अकादमी लाडवा के खिलाड़ियों ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए अकादमी का गौरव बढ़ाया है। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर अकादमी के 190 खिलाड़ियों का जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए चयन हुआ है। चयनित खिलाड़ी एथलेटिक्स, शूटिंग, बास्केटबॉल, खो-खो, कबड्डी, वॉलीबॉल, हैंडबॉल, शतरंज तथा अन्य विभिन्न खेल विधाओं में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। उल्लेखनीय है कि गत वर्ष भी कोणार्क अकादमी के खिलाड़ियों ने क्षेत्र एवं विद्यालय का नाम रोशन करते हुए जिला, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की थी। इस वर्ष भी खिलाड़ियों ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से विद्यालय की खेल परंपरा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। विद्यालय के निदेशक एस.एस.शर्मा ने चयनित खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास, संघर्षशीलता और टीम भावना का विकास करते है।

न्यूज डायरी

## रक्तदान शिविर लगाकर मनाया कर्मवीर सैनी का जन्मदिन



कुरुक्षेत्र। सर्व समाज कल्याण सेवा समिति की ओर से लोकनायक जयप्रकाश नागरिक अस्पताल के ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर समिति के प्रदेश उपाध्यक्ष कर्मवीर सैनी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में लगाया गया, जिसमें 12 रक्तदाताओं ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। समिति के प्रदेश अध्यक्ष रामेश्वर सैनी ने कहा कि रक्तदान महादान है और इससे किसी भी जरूरतमंद व्यक्ति का जीवन बचाया जा सकता है। उन्होंने स्वस्थ लोगों से हर तीन माह बाद नियमित रूप से रक्तदान करने का आह्वान किया। समिति के मीडिया प्रभारी तरुण वधवा ने कहा कि जन्मदिन जैसे विशेष अवसर को रक्तदान शिविर के माध्यम से मनाना समाज के लिए प्रेरणादायक पहल है। इससे जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराने में मदद मिलती है। इस अवसर पर डॉक्टर रमा, करनैल सैनी, नमन सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। समिति ने सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी आयोजन जारी रखने का संकल्प लिया।

## जन कल्याण मंच ने कपड़े के थैले बांटकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



कुरुक्षेत्र। जन कल्याण मंच कुरुक्षेत्र हरियाणा द्वारा सेक्टर-4 स्थित भाजपा के बूथ नंबर 145 पर पॉलिथीन मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत कपड़े के थैलों का वितरण किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को पॉलिथीन के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए कपड़े के थैलों के उपयोग को बढ़ावा देना था। इस अवसर पर भाजपा बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के प्रदेश सह-संयोजक डॉ. ऋषिपाल मथाना मुख्य रूप से उपस्थित रहे। जन कल्याण मंच के अध्यक्ष दलबीर मलिक ने कहा कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह पॉलिथीन का प्रयोग बंद कर पर्यावरण के अनुकूल विकल्प अपनाएं। इस अवसर पर मंच के महासचिव बलदेव सिंह सैनी, उपाध्यक्ष रामपाल सरोहा, कोषाध्यक्ष धर्म सिंह जोगना खेड़ा, प्रवक्ता गुलशन ग्रोवर, सचिव कुलदीप सैनी, ऑडिटर के. सी .वर्मा, शिव किरमच, रामपाल डाबर, संजय शर्मा ने उपस्थित लोगों से अपील की कि वे दैनिक जीवन में कपड़े के थैलों का ही उपयोग करें।


## विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस पर सैनिक स्कूल के कैडेट्स ने लहराया परचम



कुरुक्षेत्र। विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस के अवसर पर कुरुक्षेत्र पैनोरमा एंड साइंस सेंटर द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्रीमती केसरी देवी लोहिया जयराम सैनिक स्कूल, लोहारमाजरा, कुरुक्षेत्र के कैडेट्स ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। यह केंद्र राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत संचालित है। प्रतियोगिता में विद्यालय के कक्षा 8 से श्रेयस ने भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं कक्षा 6 के कैडेट ओनिश हंस ने वृक्ष एवं पौधों की पहचान प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल कर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। दोनों विजेता कैडेट्स को कुरुक्षेत्र पैनोरमा एंड साइंस सेंटर द्वारा प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर विद्यालय में हर्ष का वातावरण है। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती अंजू अग्रवाल ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा, ऐसी उपलब्धियाँ अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्रोत हैं।

## सभी के लिए सिद्धार्थ ध्यान योग करना जरूरी : औलिया

कुरुक्षेत्र। श्री दुर्गा देवी मंदिर पिपली, कुरुक्षेत्र के पीठाधीश और समर्थगुरु धारा हिमाचल के शिक्षा कोऑर्डिनेटर आचार्य डॉ. सुरेश मिश्रा ने बताया कि



सिद्धार्थ ध्यान योग कार्यक्रम' के द्वारा हमारा सनातन धर्म सुदृढ़ होगा। शिवशक्ति पीठ, सांपला, हरियाणा में बाबा कालिदास के दर्शन किये। हमारी बहुत अंतरंग और सार्थक बातचीत हुई और हम 18-20 दिसंबर , 2026 को बाबा कालिदास और समर्थगुरु धारा के शिष्यों के लिए सिद्धार्थ ध्यान योग आयोजित करने पर सहमत हुए। विशेष कार्यक्रम के समय बाबा कालिदास के साथ मैं स्वयं उपस्थित रहूँगा। विशेष शुभ अवसर पर आदरणीय समर्थगुरु की सचिव मां मीराबाई और बाबा कालिदास जी के विशेष शिष्य शामिल हुए। ट्विटर के माध्यम से समर्थगुरू सिद्धार्थ औलिया ने विशेष बताया कि अतीत में जीना दुख है। भविष्य में जीना सुख है। वर्तमान में जीना आनंद है।

## गुरु दक्ष प्रजापति महाराज प्रकाशोत्सव आज धूमधाम से मनाया जाएगा

कुरुक्षेत्र। प्रजापति/कुम्हार समाज के आराध्य गुरु दक्ष प्रजापति महाराज के पावन प्रकाशोत्सव के उपलक्ष्य में 29 जुलाई (बुधवार) को कुरुक्षेत्र में भव्य समारोह का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन प्रजापति/कुम्हार धर्मशाला सभा, कुरुक्षेत्र (हरियाणा) के तत्वावधान में किया जा रहा है, जिसमें समाज के गणमान्य व्यक्तियों, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों तथा बड़ी संख्या में समाजबंधुओं की भागीदारी रहेगी। सभा के प्रधान पवन कुमार कानूनगो ने बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि हरियाणा के जनस्वास्थ्य एवं लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर सिंह गंगवा होंगे। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले अनेक विशिष्ट अतिथि भी उपस्थित रहेंगे। आयोजन की अध्यक्षता नवदीप कुमार प्रजापति करेंगे। पूर्व प्रधान दर्शन लाल प्रजापत ने बताया कि कार्यक्रम की शुरूआत सुबह 6 बजे हवन एवं पूजन से होगी। इसके बाद सुबह 8 बजे रंगला-ए-हरियाणवी सांग का मंचन किया जाएगा। सुबह 10 बजे विभिन्न संस्थाओं द्वारा सम्मान समारोह आयोजित होगा, जबकि 10:30 बजे मुख्य प्रकाशोत्सव समारोह का शुभारंभ होगा। दोपहर 3 बजे कार्यक्रम का समापन किया जाएगा।



हरियाणा के जनस्वास्थ्य एवं लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर सिंह गंगवा।

धर्म-कर्म

## आदियोगी भगवान शिव ने इसी दिन सप्त ऋषियों को दिया था योग और अध्यात्म का ज्ञान

इसी दिन महर्षि वेदव्यास का हुआ था जन्म

# गुरु पूर्णिमा आजः गुरु पूजन से मिलेगा ज्ञान और आत्मबल का आशीर्वाद

गुरु हैं अज्ञान से ज्ञान की ओर ले जाने वाले प्रकाश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरुक्षेत्र

आषाढ़ मास की पूर्णिमा पर मनाया जाने वाला गुरु पूर्णिमा पर्व भारतीय सनातन संस्कृति में गुरु के प्रति श्रद्धा, सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने का पावन अवसर है। यह पर्व केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक नहीं, बल्कि ज्ञान, विवेक और जीवन को सही दिशा देने वाली गुरु-शिष्य परंपरा का उत्सव भी है। गायत्री ज्योतिष अनुसंधान केंद्र, ब्रह्मसरोवर के संचालक पंडित डॉ. रामराज कौशिक ने बताया कि सनातन परंपरा में गुरु को ईश्वर से भी श्रेष्ठ स्थान दिया गया है। उन्होंने कहा कि 'गुरु' शब्द में 'गु' का अर्थ अंधकार और 'रु' का अर्थ प्रकाश है। अर्थात जो अज्ञानरूपी अंधकार को दूर कर ज्ञान का प्रकाश प्रदान करे, वही सच्चा गुरु है। गुरु पूर्णिमा के दिन गुरु का पूजन एवं आशीर्वाद प्राप्त करने से बुद्धि, विवेक और आत्मबल में वृद्धि होती है तथा जीवन की बाधाओं और भ्रमों से मुक्ति मिलती है। डॉ. कौशिक ने बताया कि गुरु पूर्णिमा को व्यास पूर्णिमा भी कहा जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार इसी दिन महर्षि वेदव्यास का जन्म हुआ था। उन्होंने वेदों का संकलन किया तथा महाभारत जैसे महान ग्रंथ की रचना कर भारतीय संस्कृति को अमूल्य धरोहर प्रदान की। इसी कारण उन्हें जगतगुरु के रूप में सम्मानित किया जाता है। इस अवसर पर श्रद्धालु अपने गुरुजनों का पूजन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त करते हैं और उनके बताए आदर्शों पर चलने का संकल्प लेते हैं।



पं. डॉ. रामराज कौशिक।

### भगवान शिव से जुड़ी है गुरु-शिष्य परंपरा

योग परंपरा के अनुसार इसी पावन दिवस पर आदियोगी भगवान शिव ने पहली बार सप्त ऋषियों को योग एवं आध्यात्मिक ज्ञान प्रदान किया था। तभी से गुरु-शिष्य परंपरा का शुभारंभ माना जाता है। इसलिए गुरु पूर्णिमा ज्ञान, संस्कृति और आध्यात्मिक चेतना का भी महत्वपूर्ण पर्व है।

### जाने शुभ मुहूर्त और पूजन का समय

डॉ. रामराज कौशिक के अनुसार वर्ष 2026 में पूर्णिमा तिथि 28 जुलाई सायं 6:18 बजे से प्रारंभ होकर 29 जुलाई रात्रि 8:05 बजे तक रहेगी। उदया तिथि के अनुसार गुरु पूर्णिमा का पर्व 29 जुलाई 2026 को मनाया जाएगा।

**ब्रह्म मुहूर्त** (स्नान एवं दान): प्रातः 4:17 बजे से 4:59 बजे तक
**विजय मुहूर्त**: दोपहर 2:43 बजे से 3:37 बजे तक
**संध्या काल मुहूर्त**: सायं 7:14 बजे से रात्रि 8:17 बजे तक

### गुरु का सम्मान ही जीवन की सबसे बड़ी पूंजी

डॉ. रामराज कौशिक ने सभी श्रद्धालुओं से गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर अपने गुरुजनों का सम्मान करने, उनका आशीर्वाद प्राप्त करने तथा उनके बताए सद्मार्ग पर चलने का संकल्प लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि गुरु का सम्मान ही भारतीय संस्कृति की सबसे बड़ी पहचान है और यही जीवन को ज्ञान, संस्कार और सफलता की ओर अग्रसर करता है।

## खबर संक्षेप

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए लगाया योग शिविर

**शहजादपुर।** महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी अरविंदर कौर के मार्गदर्शन में गांव कड़ासन में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम ग्राम पंचायत के सहयोग से आयोजित किया गया, जिसमें सरपंच परविंदर कौर का विशेष सहयोग रहा। शिविर में आयुष विभाग से योग प्रशिक्षक नरेंद्र ने सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं बाल योग का विस्तारपूर्वक अभ्यास कराया।

### तीन दिवसीय शिविर में महिलाओं को कराया योग

**नारायणगढ़।** महिला एवं बाल विकास परियोजना ग्राम पंचायत पंजलासा की सरपंच नीतू के सहयोग से बाबा साहेब डॉक्टर भीम राव आंबेडकर भवन में तीन दिवसीय आंगनवाड़ी कार्यकर्ता योगाभ्यास प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर का उद्देश्य आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को योग के प्रति प्रशिक्षित करना तथा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना है। प्रशिक्षण शिविर में आयुष विभाग के योग सहायक जसबीर सिंह ने खंड की सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं सूक्ष्म व्यायाम का अभ्यास करवाया। उन्होंने बताया कि योगाभ्यास से शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य बेहतर रहता है।

### ई-रिक्शा चोरी में आरोपी काबू , सामान बरामद

**अंबाला।** थाना महेशनगर पुलिस ने किस्मत नगर बब्याल स्थित घर के बाहर गली से ई-रिक्शा चोरी करने के मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी को काबू किया। जांच अधिकारी अमर सिंह ने बताया कि शिकायतकर्ता अमित कुमार ने 26 जुलाई 2026 को शिकायत दी थी कि 25/26 जुलाई 2026 को आरोपियों ने उसके घर के बाहर से ई-रिक्शा चोरी की है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने थाना महेशनगर में मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी थी। पुलिस ने मामले में संलिप्त आरोपी साहिल को गिरफ्तार कर उससे ई-रिक्शा बरामद की है।

### 7 लाख का सोना चोरी, पुलिस ने शुरू की जांच

**अंबाला।** शहर के काजीवाड़ा की रहने वाली नीलम शर्मा के रिहायशी भवन से सात लाख का सोना चोरी हो गया। शाम को चोरों ने दरवाजे तोड़कर इस वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने सूचना मिलते ही मौके का मुआयना किया। अंबाला शहर की थाना प्रभारी सुनीता ढाका, पुलिस चौकी 4 प्रभारी सूबे सिंह सीआईए स्टाफ की टीम व सीन ऑफ क्राइम की टीम मौके पर पहुंचकर वारदात का मुआयना किया। नीलम शर्मा ने बताया कि चोर तकरीबन 5 तोला सोना पर हाथ साफ कर दिया। एसपी अजीत सिंह शेखावत ने एसएचओ सुनीता ढाका को तुरंत कार्रवाई करते हुए चोरों को गिरफ्तार करने वा सोना बरामद करवाने के आदेश दिए। पुलिस ने नीलम शर्मा के बेटे की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज किया है। वारदात को सुलझाने के लिए पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगालने में लगी हुई है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए मामले की गहन जांच शुरू कर दी है।

## निगम की पहली बैठक में उछला गैर कानूनी कॉलोनियों का मुद्दा

# जीआईएस पोर्टल पर आधा शहर अवैध, सुविधाओं से हो रहे वंचित

**आवारा कुत्तों की शिकायत करने पर दो घंटे में कर्मचारी मौके पर पहुंचेंगे, रिस्पांस नहीं मिलने पर एजेंसी का टेंडर होगा कैंसिल**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ अंबाला

नगर निगम के सदन की पहली मीटिंग में मंगलवार को अवैध कॉलोनियों का मामला खूब उछला। ज्यादातर निगम सदस्यों का आरोप है कि सालों से लटके इस मुद्दे की वजह से अवैध कॉलोनियों में रहने वाले लोग बेहद परेशान हैं। इन कॉलोनियों में अब तक न तो लोग अपने रिहायशी भवनों के मालिक बन पाए न ही उन्हें किसी तरह की सुविधा मिल रही है। इसके अलावा एनडीसी, सफाई व बेसहारा जानवर व स्ट्रीट लाइटों के मुद्दे भी मीटिंग में रखे गए। नगर निगम कमिश्नर ने सभी सदस्यों का आश्वासत किया कि सभी समस्याओं के स्थायी समाधान पर काम हो रहा है।



अंबाला। मीटिंग में अपनी बात रखते निगम सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### जल्द वैध हों कॉलोनियां

पूर्व डिप्टी मेयर राजेश मेहता ने सबसे पहले अवैध कॉलोनियां का मुद्दा सदन में रखा। उन्होंने कहा कि लंबे समय से शहर की अवैध कॉलोनियां को नियमित करने की सूची यूएलबी के पास लंबित है। अभी तक इन कॉलोनियों को वैध घोषित होने पर किसी तरह की कार्रवाई नहीं हुई। इसी तरह भाजपा सदस्य मनीष आनंद ने बताया कि कइ साल से अवैध कॉलोनियों का मामला लटका हुआ है। वे खुद पिछले कार्यकाल में लगातार इस मुद्दे पर आवाज बुलंद करते रहे। मगर अभी तक यूएलबी के अफसर इस मामले में किसी तरह की कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पूरी तरह से आबाद हो चुकी इन कॉलोनियों में अभी तक नागरिकों को बुनियादी सुविधाएं तक नहीं मिल पा रही हैं। सदस्य मनीष आनंद ने बताया कि 2023 से यह मामला लटक हुआ है। उन्होंने निगम अधिकारियों से इस मुद्दे पर जवाब मांगा। इस पर कमिश्नर वीरेंद्र सहरावत ने बताया कि चुनाव में आचार संहिता लगने से मामला लटक गया था। मुख्यालय में अवैध कॉलोनियों का प्रपोजल भेजा हुआ है। पहले उसमें कुछ खामियां मिली थी जिसके बाद दोबारा सर्वे करवाकर अब रिपोर्ट भेजी जा रही है। एक सप्ताह में यह रिपोर्ट मुख्यालय में भेजी जाएगी। मनीष आनंद ने कहा कि जीआईएस पोर्टल पर आधा शहर अवैध दिखाया गया है। इस वजह से ज्यादातर वार्डों में विकास कार्य लटके हुए हैं।

### 25 लाख का फंड बेकार गया

निगम सदस्य मनीष आनंद के साथ दूसरे सदस्यों ने भी सदन में यह बात रखी कि आधा शहर अवैध होने की वजह से पिछले कार्यकाल में प्रत्येक वार्ड में विकास के लिए 25_25 लाख का फंड जारी किया गया था। मगर ज्यादातर कॉलोनियां अवैध होने की वजह से 25 हजार का पाइप तक भी नहीं डलवा सकते। इस पर कमिश्नर वीरेंद्र सहरावत ने कहा कि एचएसवीपी, डीटीपी, राजस्व समेत विभिन्न विभागों से एनओसी लेनी पड़ती है। अब एनओसी लेने का काम पूरा हो गया है।

### हर वार्ड को मिलेंगे 25-25 लाख

सदन में सहमित के बाद सभी 20 वार्डों में विकास के लिए 25_25 लाख रुपये का फंड मंजूर किया गया है। इसके साथ ही सभी अवैध कॉलोनियों को फिर से वैध करने का प्रस्ताव भी पारित किया गया।आधार कार्ड सेंटर का शैड डलवाने, वार्ड समिति गठित करने का प्रस्ताव भी बिना किसी विरोध के पारित हो गया। इस दौरान फाइनेंस एवं कांट्रेक्ट कमेटी में सदस्य भी चुने गए। इनमें मेयर, कमिश्नर सहित मनीष आनंद, अर्चना छिब्बर व हितेश जैन सदस्य चुने गए।

### सात एसी चोरी पर होगा केस

वार्ड-18 के निगम सदस्य हितेश जैन ने सदन में सेक्टर-9 कम्युनिटी सेंटर में सात एसी चोरी होने का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि निगम सेंटर को स्टोर बना दिया है। यहां रेहड़ियां खड़ी रहती हैं। यहां से सीएफसी सेंटर से सात एसी भी उतर गए हैं। किसी भी अधिकारी ने उनका जबाव नहीं दिया कि वह एसी कहां गए। इस पर कमिश्नर वीरेंद्र सहरावत ने कहा कि स्टॉक रजिस्टर देखा जाएगा कि इनका जिम्मा किस कर्मचारी के पास था। अगर इन एसी का पता नहीं चलता उसकी एफआईआर दर्ज करवाई जाएगी।

### इन पर भी बनी सहमति

सभी वार्डों में में जनता के लिए बनाए गए पब्लिक टॉयलेट का उद्घाटन एक सप्ताह में करवाया जाएगा। लंबे समय से इन टॉयलेटों पर ताले लटके हुए हैं। इनके इस्तेमाल न होने से पब्लिक को किसी तरह का फायदा नहीं मिल रहा है। सदन की हर मीटिंग में सरकारी विभागों की अधिकारियों की उपस्थिति पर भी सहमति बन गई। ज्यादातर निगम सदस्यों का आरोप है कि कई विभागों के अधिकारी मीटिंग में नहीं आते। इसी वजह से पब्लिक की कई समस्याओं पर सुनवाई नहीं हो पाती। एक महीने में शहर के उन पार्कों के रखरखाव की जिम्मेदारी एजेंसी को दी जाएगी जिनका जिम्मा कोई भी लेने को तैयार नहीं है।

## ग्रीन बेल्ट सौन्दर्यीकरण का सुभाष सुधा ने किया शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरुक्षेत्र

हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार शहरों के सौंदर्यीकरण और नागरिकों को स्वच्छ वातावरण उपलब्ध करवाने के लिए निरंतर काम कर रही है। सेक्टर-5 ग्रीन बेल्ट कुरुक्षेत्र शहर का एक प्रमुख स्थान है। यहां हजारों लोग मॉर्निंग वॉक और सैर के लिए आते हैं। ऐसे में 46 लाख रुपये की लागत से होने वाले इन कार्यों से ग्रीन बेल्ट की सुरक्षा और सुंदरता भी बढ़ेगी। शहर के सेक्टर-5 स्थित ग्रीन बेल्ट को नया स्वरूप देने के लिए कुल 46 लाख रुपये की लागत से विभिन्न विकास कार्य शुरू किए गए हैं। इस परियोजना के तहत मेन बाउंड्री वॉल, ग्रीन बेल्ट का विकास, लोहे की ग्रिल और बैठने के लिए बेंच लगाने का काम किया जाएगा। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने विधिवत रूप से शिलान्यास कर कार्य का शुभारंभ किया और प्रदेश सरकार की जनहितैषी नीतियों के बारे में नागरिकों को विस्तार से जानकारी दी। सेक्टर-5 के निवासियों ने इस कार्य के लिए प्रदेश सरकार और पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर पूर्व मंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि देश व प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी जनसेवा के लिए लगातार प्रयासरत है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में देश के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को सरकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। इस मौक पर मोहिंदर मेहता, अनिल शर्मा, शीशपाल शर्मा, महेंद्र, मलकीत ढांडा सहित सेक्टर-5 के सम्मानित नागरिक, आरडब्ल्यूए के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## ग्रुप डांस में छात्राओं का धमाल, मोहा मन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बराड़ा

राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में मंगलवार को खंड स्तरीय कल्चरल फेस्ट-2026 का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्किट, ग्रुप डांस, सोलो डांस और रागिनी जैसी विभिन्न सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ, जिनमें विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। प्रतियोगिता में बराड़ा खंड के विभिन्न विद्यालयों से लगभग 40 टीमों ने भाग लिया। कक्षा 5 से 8 तथा कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए अलग-अलग वर्ग बनाए गए। इस अवसर पर करीब 250 से अधिक विद्यार्थियों एवं अध्यापकों की उत्साहपूर्ण सहभागिता रही। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी जगदीश मेहरा ने कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक आयोजन विद्यार्थियों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा, आत्मविश्वास, नवाचार की भावना को विकसित करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक गतिविधियों में भी बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। प्रधानाचार्य नरेंद्र अग्रवाल ने प्रतिभागियों को पूर्ण एकाग्रता, अनुशासन और आत्मविश्वास के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय की इंचार्ज रीना देवी ने भी विद्यार्थियोंको अपनी प्रतिभा का श्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के आयोजन में खंड कोऑर्डिनेटर अनुराधा गुप्ता सहित कपिल जैन, गीता रानी, शीतल मक्कड़, हरप्रीत कौर, चेतना गुप्ता, दिव्या गुप्ता, प्रीति कौशल, प्रियंका, जगतार सिंह, कुशाग्र, हवा सिंह, नरेश कुमार, बेबी देवी एवं चंचल कलानिया ने भूमिका निभाई।



बराड़ा। कार्यक्रम में प्रस्तुति देते हुए स्कूली बच्चे। फोटो : हरिभूमि

## सीपीआर प्रशिक्षण में शिक्षकों व छात्रों ने सीखी जीवन बचाने की तकनीक

- पूजा मॉडर्न पब्लिक स्कूल में हुआ जागरूकता व प्रशिक्षण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरुक्षेत्र

पूजा मॉडर्न पब्लिक स्कूल, पिपली में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के लिए सीपीआर (कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन) जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें डॉ. राकेश भारद्वाज, डॉ. संजय शर्मा, डॉ. तनुज अग्रवाल एवं डॉ. प्रदीप सिंगला ने आपात स्थिति में सीपीआर के महत्व और सही प्रक्रिया की जानकारी दी। चिकित्सकों ने बताया कि कार्डियक अरेस्ट की स्थिति में समय पर दिया गया सीपीआर किसी व्यक्ति की जान बचा सकता है। विद्यालय की एमडी पुष्पा संधू, चेयरमैन विकासदीप सिंह संधू और प्राचार्या शशी पंवार ने कहा कि विद्यार्थियों और शिक्षकों को जीवनरक्षक तकनीकों का प्रशिक्षण देना समय की आवश्यकता है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों और शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम कों सफल बनाने में विद्यालय के नवीन गुप्ता,विकासकुमार, अभिनेश, मोनिका, महक शर्मा,जसबीर कौर,सुमन आदि मौजूद रही।





### प्रॉपर्टी एडवाइजर के ऑफिस में चोरी, एलईडी, इन्वर्टर और एसी समेत सामान ले उड़े चोर

**मुलाना।** दोसड़का में सोमवार देर रात चोरों ने एक प्रॉपर्टी एडवाइजर के ऑफिस को निशाना बनाते हुए एलईडी, इन्वर्टर, एसी सहित अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। दुकान मालिक प्रभजोत सिंह ने बताया कि देर रात चोरों ने उनके शिवजोत प्रॉपर्टी ऑफिस का शटर का ताला तोड़कर वारदात को अंजाम दिया। मंगलवार सुबह जब वह ऑफिस पहुंचे तो शटर का ताला टूटा हुआ मिला और अंदर रखा सामान गायब था। उन्होंने बताया कि चोर ऑफिस में रखा बेड भी चोरी कर ले जाने का प्रयास कर रहे थे, लेकिन किसी कारणवश उसे बाहर ही छोड़कर फरार हो गए। चोरी की इस घटना से उन्हें काफी आर्थिक नुकसान हुआ है। प्रभजोत सिंह ने बताया कि इससे पहले भी 15 जुलाई की रात दोसड़का स्थित सूर्या ट्रैवल कार्यालय में इसी तरह चोरी की वारदात हुई थी। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से क्षेत्र के व्यापारियों में भय का माहौल बना हुआ है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से रात्रि गश्त बढ़ाने और क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है।

### हीरो मोटोकॉर्प ने पंजाब में की 17 दिवसीय मेगा माइलेज प्रतियोगिता

**अंबाला।** देश की अग्रणी दोपहिया वाहन निर्माता कंपनी हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड ने पंजाब में 17 दिवसीय मेगा माइलेज प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य ग्राहकों को हीरो वाहनों की बेहतरीन माइलेज का वास्तविक अनुभव कराना व ईंधन के प्रति जागरूक करना था। यह अभियान 51 गांवों और 28 शहरों सहित कुल 79 स्थानों पर आयोजित किया गया। प्रतियोगिता में 700 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिससे वह पंजाब में हीरो मोटोकॉर्प का एक बड़ा ग्राहक संपर्क अभियान बन गया। प्रमुख स्थानों में अमृतसर, पठानकोट, तरनतारन , जालंधर, फगवाड़ा, कपूरथला, पटियाला, लुधियाना, जम्मू, अबोहर, फिरोजपुर , जगरांव, संगरूर और बरनाला सहित अनेक शहर और गांव शामिल है।





### संध्या सभा में बच्चों को सिखाए सेल्फ डिफेंस व सतर्क रहने के गुर

**अंबाला।** राजकीय उच्च विद्यालय मंडौर में संध्या सभा के दौरान अध्यापक रामफल शास्त्री ने विद्यार्थियों को आत्मरक्षा (सेल्फ डिफेंस) और सतर्क रहने के महत्वपूर्ण उपाय बताए। उन्होंने कहा कि किसी भी अनजान व्यक्ति पर तुरंत विश्वास न करें, सुनसान स्थानों पर अकेले जाने से बचें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत अपने अभिभावकों, अध्यापकों या पुलिस को दें। उन्होंने विद्यार्थियों को आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी और कहा कि आत्मविश्वास, जागरूकता एवं सही समय पर लिया गया निर्णय ही सबसे बड़ा बचाव होता है।

### घर से 2.50 लाख की चोरी में दो आरोपी गिरफ्तार




**बराड़ा।** थाना मुलाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने गांव साबापुर में एक मकान से 2.50 लाख की नकदी चोरी के मामले का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। जांच अधिकारी मुख्य सिपाही विजय कुमार ने बताया कि गांव साबापुर के लोगिंद्र कुमार ने 18 जून 2026 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि कोई व्यक्ति उसके घर से 2 लाख 50 हजार की नकदी चोरी कर ले गए हैं। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। जांच के दौरान पुलिस ने मामले में संलिप्त दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की पहचान राहुल उर्फ कल्लू तथा कमल कुमार, दोनों निवासी गांव साबापुर के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया। उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। जांच अधिकारी के अनुसार मामले में शामिल अन्य आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए पुलिस की कार्रवाई जारी है।

### 55 चालक प्रशिक्षणार्थियों को नशा मुक्ति एवं सुरक्षित वाहन संचालन का दिया संदेश

**अंबाला।** हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की ओर से प्रदेशभर में चलाए जा रहे नशा मुक्ति जन-जागरूकता अभियान के अंतर्गत अंबाला बस अड्डे पर चालक प्रशिक्षणार्थियों के लिए नशा मुक्ति जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम चालक शिक्षण संस्थान के प्रभारी संदीप कुमार के नेतृत्व में आयोजित किया गया, जिसमें 55 चालक प्रशिक्षणार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार और राष्ट्र के विकास में सबसे बड़ी बाधाओं में से एक है। उन्होंने बताया कि वे पिछले कई वर्षों से साइकिल के माध्यम से प्रदेश के गांव-गांव और शहर-शहर जाकर नशामुक्ति, पर्यावरण संरक्षण, सड़क सुरक्षा का अभियान चला रहे हैं, ताकि अधिक से अधिक लोग स्वस्थ, सुरक्षित और नशा मुक्त जीवन अपना सकें।

हरिभूमि
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

## ब्लू बेल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में हुई खंड स्तरीय प्रतियोगिता

# खेल से आत्मविश्वास व टीम भावना को मिलता है बढ़ावा : मेहता

**अंडर-14 एथलेटिक्स प्रतियोगिता में स्कूली खिलाड़ियों ने दिखाया दम-खम, जीते पदक**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नारायणगढ़

ब्लू बेल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में अंडर-14 (बालक एवं बालिका) खेल प्रतियोगिताओं का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में पूरे खंड के सरकारी एवं निजी विद्यालयों के खिलाड़ियों ने विभिन्न खेलों एवं एथलेटिक्स स्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि प्रिंसिपल राजीव मेहता रहे, जबकि समारोह की अध्यक्षता खेल सचिव राज कुमार सैनी ने की। मुख्य अतिथि राजीव मेहता ने अपने संबोधन में कहा कि खेल केवल जीत-हार का माध्यम नहीं बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता एवं टीम भावना को बढ़ावा मिलता हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को भविष्य में भी खेलों के माध्यम से प्रदेश एवं देश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। अध्यक्षीय संबोधन में सचिव राज कुमार सैनी ने प्रतियोगिताओं के सफल आयोजन में सहयोग देने वाले सभी विद्यालयों, खेल प्रभारियों, निर्णायकों एवं शिक्षकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि खिलाड़ियों ने पूरे आयोजन के दौरान अनुशासन एवं खेल भावना का उत्कृष्ट परिचय दिया। प्रतियोगिताओं के दौरान कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल, फुटबॉल, हैंडबाल, बॉस्केटबल, बैडमिंटन, शतरंज, टेबल टेनिस, स्केटिंग, योग तथा लंबी कूद, गोला फेंक, डिस्कस थ्रो, हाई जंप, 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर एवं 600 मीटर दौड़ सहित अनेक एथलेटिक्स स्पर्धाओं का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में सेंट फ्रांसिस स्कूल कालाअंब, ब्लू बेल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, माउंटेन व्यू स्कूल, भूरेवाला, न्यू सरस्वती स्कूल, नगला, जीएमएस टोका, जीएमएस नबीपुर, जीएमएस छोटी कोहडी, जीएसएसएस डेरा, पैरामाउंट स्कूल, अकबरपुर, माइंड ट्री स्कूल, शिवालिक स्कूल के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।



नारायणगढ़। विजेताओं को सम्मानित करते मुख्य अतिथि व अन्य।

### ये रहे मौजूद

समापन में विनोद सैनी, शिव चरण, राहुल, साहिल, विनोद कुमार, नरेश, सुभाष, सचिन, मनदीप, दर्शन, परवीन, मीनाक्षी, परमजीत, शिवानी, अनिल, राकेश कुमार एवं रविंद्र सहित अनेक शिक्षक एवं खेल प्रभारी उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त ब्लू बेल्स स्कूल की खेल टीम से हरविंदर शर्मा, राजेश राणा, नवीन कोहली एवं गुरविंदर सेठी ने आयोजन को सफल बनाने में विशेष योगदान दिया।